दिनांक- 07.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 154/26

महोबा पुलिस

जनपद महोबा के समस्त थाना/कार्यालय पर व्यापक स्वच्छता एवं शस्त्र रख-रखाव अभियान संचालित

- पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों, कार्यालयों एवं पुलिस बैरकों में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।
- उक्त अभियान के अंतर्गत सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना परिसरों, कार्यालयों, बैरकों, शस्त्रागारों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे।
- निर्देशों के अनुपालन में जनपद के सभी थानों द्वारा समन्वित रूप से अभियान चलाते हुए थाना परिसर, आवासीय बैरकों, कार्यालय कक्षों एवं सार्वजनिक स्थलों की व्यापक साफ-सफाई की गई। साथ ही शस्त्रों की विधिवत साफ-सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करते हुए उनकी कार्यक्षमता को बनाए रखने हेतु आवश्यक निरीक्षण भी किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखना, कर्मियों में अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना तथा कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण स्थापित करना है।
- महोबा पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि स्वच्छता एवं रख-रखाव के मानकों का निरंतर पालन किया जाए, जिससे जनपद में बेहतर पुलिसिंग के साथ-साथ एक अनुशासित एवं प्रभावी कार्यसंस्कृति विकसित हो सके।
- ☞ स्वच्छता, अनुशासन एवं तत्परता—महोबा पुलिस जनसेवा एवं सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

महोबा पुलिस

दिनांक- 07.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 155/26

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन पुलिस लाइन महोबा में सम्पन्न

पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक/पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के जी0एस0ओ0 के आदेश पत्र संख्या डी0जी0-12-(वे0वामा सारथी कल्याणकारी कार्य-12)/2025 दिनांक 17 नवम्बर 2025 के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशानुसार आज दिनांक 07.06.2026 दिन रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में "वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन" के तत्वावधान में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त चिकित्सा शिविर में डॉ0 भारत कुमार अपनी टीम (स्टाफ) के साथ उपस्थित रहे। उनके द्वारा पुलिस लाइन परिसर में आवासित पुलिस कर्मियों, उनके परिजनों एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा शुगर एवं बी0पी0 (रक्तचाप) की जांच भी की गई। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए रोगों की रोकथाम एवं उपचार के विषय में जागरूक किया गया तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा ऐसे कल्याणकारी आयोजनों को पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु अत्यंत उपयोगी बताया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया।

दिनांक- 07.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 156/26

महोबा पुलिस

सर्किल कुलपहाड़- थाना पनवाड़ी

थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी जनपद महोबा श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभावी कार्यवाही की गई।

उक्त क्रम में उ0नि0 कमल सिंह, उ0नि0 रामकिशन यादव व का0 शीलेश यादव द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त श्रीराम यादव पुत्र भगवानदास, उम्र लगभग 59 वर्ष, निवासी पाठकपुरा कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के विरुद्ध मु0नं0 753/11 धारा 7/16 पी.एफ. एक्ट के अंतर्गत वारंट लंबित था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को हरियाणा ढाबा के पास सड़क किनारे से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:

श्रीराम यादव पुत्र भगवानदास, उम्र लगभग 59 वर्ष निवासी पाठकपुरा कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:

1. उ0नि0 कमल सिंह, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
2. उ0नि0 रामकिशन यादव, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
3. आरक्षी शीलेश यादव, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा